बूथ के लिए योजना बनाएगी भाजपा

प. बंगाल

नई दिल्ली, एजेंसी। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने मंगलवार को पार्टी की पश्चिम बंगाल इकाई से कहा कि वह राज्य के हर बूथ के लिए 'सूक्ष्म-स्तरीय योजना' के साथ जनता से संपर्क करे।

नवीन ने भाजपा की प्रदेश इकाई से कहा कि ममता बनर्जी सरकार को सत्ता से हटाने के लिए पार्टी के चुनाव अभियान के केंद्र में स्थानीय मुद्दों को रखा जाए। सूत्रों के अनुसार, नवीन ने कोलकाता में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें करते हुए, उनसे चुनाव अभियान को तेज करने और उन निर्वाचन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने को कहा, जहां भाजपा 2021 के विधानसभा चुनाव में पिछड़ गई थी। नवीन मंगलवार को पश्चिम बंगाल के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे। वहां वे पार्टी की चुनाव तैयारियों की समीक्षा करेंगे और विधानसभा चुनाव के लिए जमीनी रणनीति को अंतिम रूप देंगे।

पश्चिम बंगाल में पहली पूरक मतदाता सूची जारी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में पहली पूरक मतदाता सूची प्रकाशित कर दी गई है। चुनाव आयोग ने एसआईआर प्रक्रिया के बाद सूची में जोड़े या हटाए गए नामों की कुल संख्या का खुलासा नहीं किया है। बूथवार पहली पूरक मतदाता सूची सोमवार आधी रात के आसपास आयोग की वेबसाइट पर अपलोड की गई।

कोलकाता में मंगलवार को एक कार्यक्रम के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन अभिवादन करते हुए।

सोनिया गांधी की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की तबीयत अचानक बिगड़ने के बाद उन्हें मंगलवार देर रात सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया।

बताया जा रहा है कि सोनिया गांधी को सांस में तकलीफ होने के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया। चेस्ट मेडिसिन के डॉक्टर उनका इलाज कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि लोकसभा में

प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी व प्रियंका गांधी उन्हें लेकर अस्पताल पहुंचे। अस्पताल प्रशासन ने उन्हें रात करीब 11 बजे भर्ती किए जाने की बात कही है, लेकिन उनके स्वास्थ्य को लेकर फिलहाल आधिकारिक तौर पर कोई बयान जारी नहीं किया है।

'बंगाल छोड़कर कहीं भी एसआईआर में बाधा नहीं'

अदालत से

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि चुनाव आयोग द्वारा कराई जा रही एसआईआर प्रक्रिया पश्चिम बंगाल को छोड़कर बाकी राज्यों में काफी हद तक सुचारू रूप से संपन्न हुई है।

शीर्ष अदालत ने कहा है कि अन्य राज्यों में एसआईआर प्रक्रिया को लेकर शायद ही कोई मुकदमा सामने आया है। सुप्रीम कोर्ट ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी समेत अन्य याचिकाकर्ताओं से कहा कि वे पश्चिम बंगाल में चल रहे एसआईआर से जुड़ी अपनी शिकायतों को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से संपर्क करें। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने एसआईआर के खिलाफ दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान यह मौखिक टिप्पणी की। इससे पहले वरिष्ठ अधिवक्ता और टीएमसी नेता मेनका गुरुस्वामी ने पीठ से कहा कि वे पश्चिम बंगाल चुनावों के लिए मतदाता सूचियों को अंतिम रूप देने की तारीख को आगे बढ़ाने पर विचार करें ताकि सूची से अपना नाम हटाए जाने पर आपत्ति जताने वाले लोगों के मामलों का निपटारा किया जा सके और उनके नाम सूची में जोड़े जा सकें।

चुनाव तैयारियों को लेकर आयोग की अहम बैठक

नई दिल्ली, एजेंसी। चुनाव आयोग ने चुनावी तैयारियों को और पुख्ता करने के उद्देश्य से मंगलवार को पांचों चुनावी राज्यों तथा उनके पड़ोसी राज्यों के वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक का मुख्य उद्देश्य सीमाओं को सील करना और चुनाव के दौरान होने वाली अवैध गतिविधियों पर पूरी तरह अंकुश लगाना है। बैठक में पश्चिम बंगाल और असम की सीमाओं पर विशेष चर्चा हुई, क्योंकि इन राज्यों की अंतरराष्ट्रीय सीमा बांग्लादेश से लगती है।

यूएपीए मामलों के निपटारे में देरी पर शीर्ष अदालत सख्त

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को 17 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को यह बताने के लिए कहा कि आतंकवाद निरोधक कानून 'यूएपीए' के तहत दर्ज मामलों का एक साल के भीतर निपटारा करने के लिए कितने विशेष अदालत गठित करने की जरूरत है। शीर्ष अदालत ने विशेष अदालत की जरूरतों की पहचान करने और इस बारे में रिपोर्ट पेश करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया है।

मुख्यमंत्री नीतीश जदयू के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जदयू के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हो गए हैं। नीतीश के अलावा किसी और का नामांकन न आने के बाद पार्टी के संगठन चुनाव के निर्वाचन अधिकारी अनिल प्रसाद हेगड़े ने नीतीश कुमार के अध्यक्ष चुने जाने की घोषणा की। हेगड़े ने पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा और केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह को उनके चुनाव का प्रमाणपत्र सौंपा।

यूको बैंक UCO BANK (भारत सरकार का उपक्रम) (A Govt. of India Undertaking) Honours Your Trust

अचल कार्यालय : प्लॉट नं0 5, आईटी पार्क, सहस्त्रधारा रोड़, देहरादून, उत्तराखण्ड -248001

(नियम-8 (6)) अचल संपत्ति की बिक्री के लिए नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (सरफेसी) के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस। आम लोगो को और विशेष रूप से उधार लेने वाले और ऋणियों एवं जमानतदारों को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का कब्जा यूको बैंक, प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **'' जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है''** के आधार पर **दिनांक 30.04.2026 को दोपहर 01:00 बजे से सांय 05:00 बजे (10 मिनट के असिमित स्वतः विस्तार सहित है)** ई-नीलामी द्वारा निम्नलिखित ऋणी/बंधककर्ता/जमानदार के बकायों एवं ब्याज एवं खर्चो की वसूली हेतु विक्रय किया जायेगा। नीलामी प्रक्रिया का सम्पूर्ण विवरण नीचे दिया गया है:-

क्र. सं.	ऋणी/गारंटर का नाम और पता	बंधक सम्पत्ति का विवरण	अ) दिनांक एवं ब) कब्जा का प्रकार	मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि	ई-नीलामी की दिनांक व समय	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बोली वृद्धि राशि
	शाखा : काशीपुर (2262), जिला उधमसिंह नगर, उत्तराखण्ड					
1.	**ऋणीः** श्री जगरूप सिंह पुत्र श्री दलवीर सिंह, **पता–** ग्राम मिस्सरवाला, कुंडा, काशीपुर, उधमसिंह नगर (उत्तराखंड)–244713, **सह–ऋणीः–1.** श्री दलजीत सिंह पुत्र श्री दलवीर सिंह, **निवासी** – ग्राम मिस्सरवाला, कुंडा, काशीपुर, उधमसिंह नगर (उत्तराखंड)–244713, **2.** श्रीमती गुरुजीत कौर पत्नी श्री गुरुमुख सिंह, **पता–** वैशाली कॉलोनी, खड़कपुर, देवीपुरा, काशीपुर, उधमसिंह नगर (उत्तराखंड)–244713, **3.** श्रीमती हरदीप कौर पत्नी श्री गुरबख्श सिंह, **पता–** वैशाली कॉलोनी, खड़कपुर, काशीपुर, उधमसिंह नगर (उत्तराखंड)–244713.	बंधक सम्पत्ति के सभी भाग व भूखण्ड जिसका खाता संख्या–454, खसरा संख्या–239 मिन, जो मौजा–खड़कपुर देवीपुरा तहसील–काशीपुर, जिला–उधम सिंह नगर–244713, में श्रीमती गुरजीत कौर और श्रीमती हरदीप कौर के नाम पर स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल– 1584.44 वर्ग फुट या 147.25 वर्ग मीटर है, **फ्री होल्ड डीड के अनुसार विवरण :** पुस्तक संख्या 1, वाल्यूम संख्या 1625 पृष्ठ 323–326, क्रमांक 5853 जो दिनांक 28.08.2008, सब–रजिस्ट्रार कार्यालय काशीपुर में दिनांक 28.08.2008 को पंजीकृत है। **पट्टे के अनुसार संपत्ति का विवरण :** पुस्तक संख्या 1, वॉल्यूम 1625, पृष्ठ 323–326, क्रमांक 5853, जो दिनांक 28.08.2008, सब–रजिस्ट्रार कार्यालय, काशीपुर में दिनांक 28.08.2008 को पंजीकृत है। **सीमाएँः– पूर्व–** भोपाल सिंह का मकान, **पश्चिम–** 20 फिट चौड़ा रास्ता, **उत्तर –** नरेश कुमार की संपत्ति, **दक्षिण–** सरकारी रास्ता।	06.02.2026	रू0 39,88,020.00 अप्रयुक्त +ब्याज और शुल्क	30.04.2026 दोपहर 01:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक	रू0 93,99,000/-
			सांकेतिक कब्जा			रू0 9,39,900/-
			मांग सूचना की तिथि			रू0 50,000/-
			29.11.2025	**बोली जमा कराने की अंतिम दिनांक 30.04.2026 दोपहर 01 बजे से सायं 4:50 बजे तक**		

संपति निरीक्षण की तिथि और समय 27.04.2026 को प्रातः 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक कृपया श्री नीरज कुमार सिंघल, शाखा प्रबन्धक, मो0- 9950323496 से सम्पर्क करें।

नियम एवं शर्तेः- 1. बिक्री प्रतिभूति हित पवर्तन नियम 2002 के नियम एवं शर्तो के अधीन होगी। पर उपलब्ध है। बिक्री से संबधित नियमों व शर्तो की जानकारी दी गई वेबसाइड वेबपोर्टल: https://baanknet.com पर उपलब्ध है। 2. संपत्ति को **'' जैसा है जहां है'' तथा '' जैसा है जो भी है'' '' जो कुछ भी है''** के आधार पर विक्रय किया जा रहा है। 3. प्रतिभूत संपत्तियों का उपरोक्त विवरण प्राधिकृत अधिकारी की उत्तम जानकारी के अनुसार दिया गया है लेकिन इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि, गलती या चूक के लिए प्राधिकृत अधिकारी उत्तरदायी नही होगा। 4. बिक्री अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा दी गई ई-नीलामी प्लेटफार्म वेबसाईट https://baanknet.com के माध्यम से दिनांक 30.04.2026 को दोपहर: 01:00 बजे से शुरू होकर 5:00 बजे समाप्त होगी। 5. बैंक द्वारा नीलामी में स्वयं द्वारा भाग लेने या स्वयं की ओर से बोली लगाने हेतु प्रतिनिधि को नियुक्त करने के लिये स्वतंत्र है। 6. बोली लगाने से पहले संपत्ति और विनिर्देश के बारे में खुद का निरीक्षण और संतुष्ट करना बोलीदाताओं की जिम्मेदारी होगी। इच्छुक खरीदार 27.04.2026 को प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे के बीच संपत्ति का निरीक्षण कर सकते हैं।

दिनांक 24.03.2026 स्थान –काशीपुर प्राधिकृत अधिकारी, यूको बैंक

बिपिन त्रिपाठी कुमायूँ प्रौद्योगिकी संस्थान
द्वाराहाट, जनपद–अल्मोड़ा – 263653 (उत्तराखण्ड)
Ph.: 05966-244250, Fax : 244114 (F), Email: director@kecua.ac.in
पत्रांकः बि0त्रि0कु0प्रौ0सं0/जैम बिड/181/2025–26 दिनांक : 24.03.2026

जैम बिड सूचना

बिपिन त्रिपाठी कुमायूँ प्रौद्योगिकी संस्थान हेतु निम्नलिखित उपकरणों व सॉफ्टवेयर की अधिप्राप्ति हेतु जैम पोर्टल पर प्रतिष्ठित निर्माताओं/अधिकृत विक्रेताओं/फर्मो से बिड्स आमंत्रित की जाती है। जैम बिड से सम्बन्धित अन्य समस्त सूचनायें भारत सरकार की वेबसाईट http://gem.gov.in से निम्नानुसार प्राप्त की जा सकती हैं :–

Sl.No.	GeM Bid Number	Name of Equipment/Software
1.	GEM/2026/B/7361749	Photocopier, Printer and Laptop
2.	GEM/2026/B/7367874	Ansys Software upgradation

निदेशक

कार्यालय जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, नैनीताल।
आयुक्त सभागार, तल्लीताल, नैनीताल
Website : www.ddantl.org.in, Email : secretaryldanainital@rediffmail.com
पत्रांक : 2290/नैजिविप्रा/2025–26 दिनांक : 24.03.2026

सार्वजनिक सूचना

जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, नैनीताल, आवास अनुभाग–2, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून के शासनादेश संख्या–1895/V/आ0–2016–11 (एल0यू0सी0)/03–2016 दिनांक 28 दिसम्बर, 2016 के क्रम में भीमताल महायोजना–2011 में संशोधन, जैसा कि नीचे दी गयी अनुसूची में वर्णित हैं, करना चाहता है। अतएव उत्तराखण्ड नगर एवं ग्राम नियोजन तथा विकास अधिनियम, 1973 (संशोधन–2013) की धारा–13 (3) के उपबंधों के अनुसरण में एतद्द्वारा यह सूचना आम जन से निम्नलिखित प्रस्तावित संशोधन के सम्बन्ध में आपत्तियां एवं सुझाव आमंत्रित करने की दृष्टि से प्रकाशित की जाती है। सभी आपत्तियां एवं सुझाव उपाध्यक्ष, जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, नैनीताल को सम्बोधित एवं लिखित रूप से 03 प्रतियों में प्रेषित की जानी चाहिए। केवल उन्हीं आपत्तियों एवं सुझावों पर विचार किया जाएगा जो इस अधिसूचना के समाचार पत्रों में प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के भीतर प्राप्त होंगे। उक्त विज्ञप्ति प्राधिकरण की वेबसाईट–www.ddantl.org.in पर भी देखी जा सकती है:–

क्र. सं.	ग्राम का नाम	भू–उपयोग हेतु प्रस्तावित खेत नम्बर	क्षेत्रफल वर्गमीटर में	महायोजना में वर्तमान भू–उपयोग	प्रस्तावित भू–उपयोग
1	2	3	4	5	6
1	ग्राम–पाण्डेगांव, पट्टी–पाण्डे गांव, तहसील व जिला–नैनीताल	1386, 1380, 1382, 1384, 1387, 1389, 1391, 1393, 1395, 1397, 1399, 1401, 2241, 2227, 2229, 2231, 2233, 2234, 2236	5251.00 वर्गमीटर	कृषि हरित पट्टी	व्यवसायिक भू–उपयोग (पर्यटन यूनिट रिसॉर्ट)

(विजयनाथ शुक्ल)
सचिव,
जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, नैनीताल।

कार्यालय सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई, उपखण्ड हल्द्वानी।
पत्रांक : 225/ल.सिं./निविदा सूचना/2025–26 दिनांक : 20.03.2026

अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या – 05/2025–26

उत्तराखण्ड के महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से जिला योजना के अन्तर्गत स्वीकृत निम्नलिखित कार्यो हेतु मुहरबन्द निविदा लघु सिंचाई विभाग में वर्गीकृत श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 07.04.2026 के अपरान्ह 2.00 बजे तक लघु सिंचाई उपखण्ड हल्द्वानी (स्थित निकट विकास खण्ड कार्यालय हल्द्वानी) में आमंत्रित की जाती है,जोकि उसी दिन अपरान्ह 02:30 बजे उसी दिन सहायक अभियन्ता अथवा उनके प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके मनोनीत प्रतिनिधियो के सम्मुख खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र क्रय करते समय पंजीकृत ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा वैध पंजीकरण प्रमाण–पत्र व 3 प्रतिशत धनराशि निविदा विक्रेता के सम्मुख प्रस्तुत करना होगा। किसी अन्य व्यक्ति के माध्यम से निविदा प्रपत्र मांगने में मूल प्रमाण–पत्र व अधिकार प्रमाण–पत्र निविदा विक्रेता के सम्मुख प्रस्तुत करने होंगें।

निविदा प्रपत्र निविदा सूचना प्रकाशन होने की तिथि से दिनांक 06.04.2026 तक सांय 04:30 बजे तक कार्यालय सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई उपखण्ड हल्द्वानी (स्थित निकट विकास खण्ड कार्यालय हल्द्वानी) से प्राप्त किये जा सकते हैं। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को निहित होगा।

कं0स0	कार्य का नाम	विकासखण्ड	धरोहर राशि(रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य +जी0एस0टी	निविदा की वैद्यता	मद का नाम	फर्म/ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी
01	02	03	04	05	06	07	08	09
01	विकासखण्ड कोटाबाग अन्तर्गत ग्राम पंचायत बगड़ मल्ला के तोक डोब में स्थित सरकारी सस्ता गल्ला दुकान के पास क्षतिग्रस्त मार्ग का पुर्ननिर्माण/सुधार कार्य	कोटाबाग	16500.00	02 माह	1000+जी0एस0टी	45 दिन	जिला योजना	ई0 एवं उच्च

निविदा से सम्बन्धित समस्त शर्तें लघु सिंचाई उपखण्ड हल्द्वानी के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है।

सहायक अभियन्ता
लघु सिंचाई, उपखण्ड हल्द्वानी।

कार्यालय नगर पालिका परिषद्, बागेश्वर।
पत्रांक : 1346/विज्ञप्ति/पा.नि./2025–26 दिनांक : 24.03.2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि नगरपालिका परिषद्, बागेश्वर द्वारा वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए दिनांक 01.04.2026 से .31.03.2027 तक पार्किंग शुल्क वसूली हेतु दिनांक 28.03.2026 सायं 2:00.बजे तक सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है,जो उसी दिन सायं 3:00 बजे शासन द्वारा गठित समिति एवं उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 27.03.2026 सायं 4:00 बजे तक निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं। प्रत्येक कार्य हेतु पृथक–पृथक निविदायें मान्य होगा। प्रत्येक निविदा के साथ रू0 100.00 (एक सौ रू0 मात्र) का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प लगाना अनिवार्य होगा। निविदा स्वीकृत के पश्चात् सम्बन्धित ठेकेदार को स्वीकृत निविदा की धनराशि का 25 प्रतिशत की धनराशि अनुबन्ध के पश्चात् जमा करना अनिवार्य होगा। किसी भी एक अथवा सम्पूर्ण निविदाओं को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी एवं मा0 अध्यक्ष महोदय नगरपालिका परिषद्, बागेश्वर को होगा। जमानत की धनराशि एफ0डी0/एन0एस0सी0 के रूप में जो कि अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका परिषद्, बागेश्वर के पदनाम बंधक होगी लगाना अनिवार्य होगी। सशर्त एवं बिना जमानत की निविदा मान्य नहीं होगी। निविदाता को निविदा राशि से अधिक की हैसियत प्रमाण पत्र/खाता खतौनी की छायाप्रति निविदा के साथ लगाना अनिवार्य होगा। निविदा स्वीकृत होने के पश्चात् निविदा राशि का 02 प्रतिशत मूल्य का स्टाम्प पेपर पालिका कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। पार्किंग स्थल से सम्बन्धित अन्य विस्तृत जानकारी किसी भी कार्यदिवस मे पालिका कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं।

क्र0सं0	मद का नाम	निविदा प्रपत्र शुल्क	10प्रतिशत जमानत धनराशि
1.	काण्डा रोड पार्किंग स्थल	500.00+18% GST	10800.00
2.	गिरेछीना मोटर मार्ग पार्किंग स्थल	500.00+18% GST	6000.00

(श्री विनोद सिंह जीना)
अधिशासी अधिकारी
नगरपालिका परिषद, बागेश्वर।

(श्री सुरेश सिंह खेतवाल)
अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद, बागेश्वर।

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि.
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
विद्युत नगरीय वितरण खण्ड, तिकोनिया, नैनीताल रोड
हल्द्वानी (नैनीताल)– 263139, फोन एवं फैक्स : 05946–220172, Email : eddhld@yahoo.com
पत्रांक : 1715/वि.न.वि.ख.(ह.)/ दिनांक : 24.03.2026

ई–निविदा सूचना

क्र0 सं0	ई–निविदा सं0	कार्य/सामग्री का विवरण	ई–निविदा धनराशि	धरोहर धनराशि	ई–निविदा क्रय करने हेतु अंतिम तिथि एवं समय	ई–निविदा भाग–1 खुलने की तिथि एवं समय
1	EDD(T)H/ 61 /2025-26	विद्युत वितरण खण्ड (नगर), हल्द्वानी के अन्तर्गत 02 नग मानवशक्ति स्टाफ वाह्य ऐजेन्सी के माध्यम से एक वर्ष के लिए कार्योजित किये जाने का कार्य। मद–ओ0एण्डएम0	500.00 + 90.00 (18% GST)	17000.00	10.04.2026 (11:00 बजे तक)	10.04.2026 (12:30 बजे तक)
2	EDD(T)H/ 62 /2025-26	विद्युत वितरण उपखण्ड–प्रथम, सुभाषनगर, हल्द्वानी के 33/11 के0वी0 उप–संस्थान कुंवरपुर गौलापार के क्षेत्रों के परिवर्तकों एवं लाईनों के उचित रख–रखाव हेतु सामग्री आपूर्ति। मद–ओ0एण्डएम0	250.00 + 45.00 (18% GST)	11000.00	10.04.2026 (11:00 बजे तक)	10.04.2026 (12:30 बजे तक)

निविदा भाग–1 में पी0क्यू0आर0 की शर्तें पूर्ण करने वाले निविदाकार/आपूर्तिकर्ता का ही भाग–2 अलग से तिथि निर्धारित करते हुए खोला जायेगा कार्य की दशा एवं शर्तें विभागीय वेबसाईट www.uktenders.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

Customer Care Toll Free No. 18004190405

" राष्ट्रहित में बिजली बचायें "
विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें।

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड (नगर), हल्द्वानी।

कार्यालय परियोजना प्रबंधक, निर्माण इकाई,
उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम, पिथौरागढ़
निकट हनुमान मन्दिर, पिथौरागढ़– 262501 Email : pmpithoragarh@gmail.com
पत्रांक : 378/निविदा/30 दिनांक : 20.03.2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

अध्यक्ष उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्माण कार्य की मुहरबन्द निविदाऐं निम्नांकित तालिका में उल्लिखित श्रेणी में दिनॉक 07.04.2026 को अपरान्ह 1:00 बजे तक निर्माण इकाई, पिथौरागढ़ में आमन्त्रित की जाती हैं जो उसी दिन इस कार्यालय की निविदा समिति द्वारा उपस्थित ठेकेदारों या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष अपरान्ह 3:00 बजे खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र दिनॉक 06.04.2026 के सायं 5:00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस में इस कार्यालय से अधोहस्ताक्षरी के पदनाम के खाता संख्या 1672000101122634 पंजाब नेशनल बैंक, पिथौरागढ़ में जमा कर प्राप्ति रसीद प्रस्तुत करने के पश्चात विक्रय हेतु उपलब्ध हैं, निविदा की वांछित शर्तें इस कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं। निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी0एस0टी0 सहित)	कार्य पूर्ण की अवधि	निविदा की वैधता	धरोहर धनराशि	ठेकेदार की श्रेणी में पंजीकृत
1	राजकीय इन्टर कालेज पिलखी में बायोलाजी लैब का निर्माण कार्य।	1500.00 + 18% GST = 1770.00	8 माह	3 माह	38600.00	निर्माण विंग, उत्तराखण्ड पेयजल निगम में भवन निर्माण हेतु श्रेणी "डी" या उससे उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार
2	राजकीय इन्टर कालेज पिलखी में महिला शौचालय का निर्माण कार्य।	500.00 + 18% GST = 590.00	8 माह	3 माह	8000.00	

निविदा के नियम व शर्ते किसी भी कार्यदिवस में इस कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं।

(हरीश प्रकाश)
परियोजना प्रबन्धक